बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 536 /गोपनीय/2021 भोपाल, दिनांक 1-3-2021

//संशोधित अधिसूचना//

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक 147/188/2020/38-3 दिनांक 01/02/2021(संलग्न) द्वारा कोरोना(कोविड) -19 के प्ररिप्रेक्ष्य में छात्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय की स्नातक I ,III, V Sem. एवं स्नातकोत्तर I ,III Sem. परीक्षाओं के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके परिपालन में विश्वविद्यालय से सम्बंधित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता हैं। कि सेमेस्टर प्रणाली के अर्न्तगत होने वाले सभी Old /New/ Reg. / Pvt / Ex./ ATKT सभी नियमित छात्रों के सीसीई अंक एवं स्वाध्यायी छात्रों के असाइमेंट के अंक/सेशनल आधारित प्रायोगिक अंक (जहॉ लागू हो) सभी महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 08/03/2021 तक ऑनलाइन एवं दिनांक 10/03/2021 तक हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय के गोपनीय कक्ष में अनिवार्य रूप से जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी स्थिति में सीसीई एवं असाइमेंट के अंक स्वीकार नहीं किये जायेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी महाविद्यालय की होगी। विगत वर्ष की परीक्षाओं में कई छात्रों के सीसीई अंक एवं आसाइमेंट महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किए जाने के कारण कई छात्रों के परीक्षा परिणाम **WH** घोषित हुये थे। इन कारणों से विश्वविद्यालय एवं छात्र छात्रओं को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड. रहा हैं। अतः अनुरोध हैं कि अधिसूचना का समय सीमा में कड.ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। **यह अंतिम अवसर है जिससे म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश का समय सीमा में पालन हो सके। इसके पश्चात् सभी छात्रों के परीक्षा आवेदन निरस्त माने जाऐगें।**

नोटः– Ex/ATKT प्राप्त नियमित विद्यार्थियों के संबंधित प्रश्न–पत्र के सीसीई अंक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

1/3/2021

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रतिलिपपिः–

1 अवर सचिव मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2 कुलपति जी के सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी, ब.वि.वि., भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 कुलसचिव जी के निज सचिव के माध्यम से कुलसचिव जी, ब.वि.वि., भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4 प्रभारी, आई.टी. सेल ब.वि.वि., भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5 प्राचार्य, समस्त शासकीय /स्वाशासी महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ।
6 निज नस्ती।

उपकुलसचिव (गोपनीय)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल